उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, शनिवार, 3 अक्टूबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 2

देश

प्राथमिक विद्यालय राया में धूमधाम से मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती; बच्चों को मिला RO वाटर कूलर व फर्नीचर का उपहार।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी विकास खंड राया स्थित प्राथमिक विद्यालय राया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती (गांधी-शास्त्री जयंती) का राष्ट्रीय पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वयं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का संचालन किया, जिसकी उपस्थित अतिथियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत राया के चेयरमैन श्रीमान राजकुमार अग्रवाल एवं एसडीएम/प्रभारी अधिशासी अधिकारी श्रीमान सुशील कुमार उपस्थित रहे। जयंती के इस शुभ अवसर पर जिला प्रशासन एवं नगर पंचायत राया की ओर से विद्यालय के बच्चों की सुविधा के लिए RO वाटर कूलर तथा नया फर्नीचर भेंट किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए ईओ (एसडीएम) सुशील कुमार ने बच्चों और समस्त क्षेत्रवासियों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया और सफाई व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित भी किया। वहीं, चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल ने बच्चों को स्वल्पाहार (जलपान) बांटा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती पूजा चौधरी ने चेयरमैन राया एवं एसडीएम महोदय को स्मृति चिन्ह प्रदान कर पधारे हुए सभी गणमान्य अतिथियों, सभासदों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

एक नज़र में

एसएन टॉप टेन क्लासेज स्कूल में धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती, निकाली स्वच्छता रैली और किया वृक्षारोपण।
हापुड़ में सपा की प्रेसवार्ता, निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप।
गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रेलर की टक्कर, चार यात्रियों की मौत।
भारत का आरक्षित वर्ग महात्मा गांधी जी के योगदान को कभी भुला नहीं सकता।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

एसएन टॉप टेन क्लासेज स्कूल में धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती, निकाली स्वच्छता रैली और किया वृक्षारोपण।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया। कस्बा राया स्थित एसएन टॉप टेन क्लासेज स्कूल में गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से बच्चों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली के बाद विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने सड़क पर सफाई कर स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

देश

हापुड़ में सपा की प्रेसवार्ता, निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप।



समाजवादी पार्टी जनपद हापुड़ के जिला कार्यालय पर एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गयाइस प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री सुधीर चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहेप्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री आनंद गुर्जर जी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री सुधीर चौहान ने भारत निर्वाचन आयोग के संस्थागत कब्जे और मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार पर बेहद गंभीर आरोप लगाएपत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है परंतु वर्तमान में चुनाव आयोग सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर काम कर रहा हैप्रेस वार्ता के दौरान वोटर चोरी वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और...

देश

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रेलर की टक्कर, चार यात्रियों की मौत।



संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा अकबरपुर। आज दिनांक 02 अक्टूबर 2026 को प्रातः करीब 5:30 बजे यूपी-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना जैतपुर क्षेत्र के अंतर्गत गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 85 पर वॉल्वो बस (वाहन संख्या-BR28P4660) और ट्रेलर (वाहन संख्या-RJ29GB5035) की दुर्घटना हो गई है।सूचना मिलते ही थाना जैतपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर, जिला अस्पताल, अकबरपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने उपचार के दौरान चार यात्रियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर रेफर किया गया है।

देश

भारत का आरक्षित वर्ग महात्मा गांधी जी के योगदान को कभी भुला नहीं सकता।



संवाददाता खुशांत गुप्ता अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा जननायक स्वतंत्रता सेनानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 157 भी जयंती पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन कृष्णा नगर बिजली घर पर किया सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी के चित्र पर प्रतीकात्मक पुष्पांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात मोहनदास करमचंद गांधी जी द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व कर दिए गए योगदान एवं आंदोलन में अपने प्राण न्योछावर किए जाने तथा भारत के आरक्षित वर्ग के उत्थान में उनके द्वारा सामग्र रूप से मुख्य धारा में जोड़ने के प्रयासों को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की और उनका...